Alberta

प्रेस विज्ञप्ति

ऑटो इंश्योरेंस पर अपने विचार बताएं

26 अप्रैल, 2024 मीडिया पूछताछ

अल्बर्टा सरकार, अल्बर्टावासियों के इस विषय पर विचार जानना चाहती है कि लंबी अवधि के लिए ऑटो इंश्योरेंस को अधिक किफायती और स्थिर कैसे बनाया जाए।

कनाडा भर में ऑटो इंश्योरेंस की दरें बढ़ रही हैं और ऐसा मरम्मत लागतों, पार्ट्स की कमी, वाहन चोरी, तथा व्यक्तिगत चोट और कानून से संबंधित उच्च लागतों के कारण हो रहा है।

अल्बर्टावासियों को अधिक सरल, ज़्यादा किफायती और ऐसी स्थिर बीमा व्यवस्था की ज़रूरत है, जिससे सड़क पर उनको और उनके परिवारों को सुरक्षा मिल सके। सरकार एक ऑनलाइन सार्वजनिक सहभागिता सर्वेक्षण शुरू कर रही है ताकि अल्बर्टावासियों से फ़ीडबैक प्राप्त किया जा सके कि वे ऑटो इंश्योरेंस में किस बात को मूल्यवान समझते हैं और वे ऑटो इंश्योरेंस से क्या अपेक्षा रखते हैं।

"हम ऑटो इंश्योरेंस की बढ़ती लागतों के जटिल मुद्दे का दीर्घकालिक हल निकालने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। चूंकि हम इस व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अपने विकल्पों पर विचार कर रहे हैं, इसलिए हम अल्बर्टावासियों से उनके विचार और अनुभव जानना चाहते हैं। उनका फीडबैक हमें ऑटो इंश्योरेंस को किफायती और वहनीय बनाए रखने के लिए सही राह चुनने में मदद करेगा।"

नैट हॉर्नर, प्रेसिडेंट ऑफ ट्रेजरी बोर्ड एण्ड मिनिस्टर ऑफ फाईनेंस

"अल्बर्टावासियों के लिए किफायत सबसे महत्वपूर्ण है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि हम वो हर संभव प्रयास करते हैं जिससे वे पैसे की बचत कर सकें, और इसीलिए हम ऑटो इंश्योरेंस की दरों को कम करने के सर्वोत्तम विकल्पों के संबंध में उनको साथ जोड़ने वाले हैं।"

नॉथन न्यूडॉर्फ, मिनिस्टर ऑफ अफॉर्डिबिलिटी एण्ड यूटीलिटीज़

अल्बर्टा सरकार ने स्वतंत्र विशेषज्ञों से उन व्यवस्थाओं पर गौर करने का अनुरोध किया है जिनसे ऑटो इंश्योरेंस की लागत कम की जा सकती है और बीमा उद्योग की वहनीयता और स्थिरता में सुधार किया जा सकता है।

ओलिवर वायमेन (Oliver Wyman) द्वारा पूरे कनाडा में अलग-अलग मौजूदा ऑटो बीमा व्यवस्थाओं के अंतर्गत औसत प्रीमियम की तुलना करने पर फोकस किया गया है। नाउस ग्रुप (Nous Group) ने इन अलग-अलग ऑटो इंश्योरेंस मॉडलों की विस्तृत लागतों और लाभों की जांच की है। अल्बर्टा ऑटो इंश्योरेंस व्यवस्था में किए जाने वाले बदलावों पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। इन रिपोर्टों का उपयोग परस्पर बातचीत और नीतियों के संदर्भ में किया जाएगा।

"हमें पता है कि दुर्घटना दावों की बढ़ती लागतों का समाधान करने के संबंध में सुधारों को लागू किए बिना ऑटो इंश्योरेंस प्रीमियम में बढ़ोतरी जारी रहेगी। हम अल्बर्टा के सभी ड्राइवरों को ऑनलाइन सार्वजनिक सहभागिता सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं ताकि वे हमें इस विषय के संबंध में अपने विचारों से अवगत करा सकें कि उनके लिए अपने ऑटो इंश्योरेंस में क्या महत्वपूर्ण है और वे इससे क्या अपेक्षा रखते हैं।"

जेमी हॉट, चेयरमेन, ऑटोमोबाइल इंश्योरेंस रेट बोर्ड

अल्बर्टावासी ओलिवर वायमेन (Oliver Wyman) और नाउस ग्रुप (Oliver Wyman) की रिपोर्ट ऑनलाइन पढ़ सकते हैं, साथ ही सर्वेक्षण की पृष्ठभूमि और संदर्भ से जुड़े संक्षिप्त सारांश को भी पढ़ सकते हैं।

संक्षिप्त तथ्य

- सर्वेक्षण बुधवार, 26 जून 2024 तक खुला रहेगा।

संबंधित जानकारी

- ऑटोमोबाइल बीमा सुधार
- रिपोर्ट: अल्बर्टा में ऑटो इंश्योरेंस में बदलाव (इसमें ओलिवर वायमेन (Oliver Wyman) और नाउस ग्रुप (Nous Group) अध्ययन शामिल हैं)
- ऑटो इंश्योरेंस सहभागिता

संबंधित समाचार

- ऑटो बीमा में बदलावों से अच्छे ड्राइवरों को लाभ होगा (1 नवंबर 2023)

मीडिया पूछताछ

जस्टिन ब्राटिंगा

587-357-2956
प्रेस सचिव, ट्रेजरी बोर्ड एण्ड फाईनेंस